ओंटेरियो का आगे निर्माण करना

Ontario

2015 ओंटेरियो बजट

बजट 2015 :

ओंटेरियो का आगे निर्माण करना

अधिक जानकारी
ONTARIO.CA/BUDGET
पर प्राप्त करें

ओंटेरियो के पास यह सुनिश्चित करने के लिए एक चार भागों वाली योजना है कि प्रांत निवास करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान हो, बचपन से लेकर सेवानिवृत्ति तक, और जहां हर किसी के पास अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए अवसर मौजूद हों।

यह योजना लोगों की प्रतिभाओं और कौशलों में निवेश करती है; सड़कों और पारगमन जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करती है; एक अभिनव, गतिशील कारोबारी माहौल पैदा करती है; और यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए एक नई सेवानिवृत्ति पैंशन योजना तैयार करती है ताकि ओंटेरियो के कर्मचारियों के पास एक सुरक्षित सेवानिवृत्ति आय हो।

2014-15 के लिए अब घाटे का अनुमान $10.9 बिलियन है -
2014 के बजट पूर्वानुमान के मुकाबले $1.6 बिलियन का सुधार। बुद्धिमानीयुक्त राजकोषीय प्रबंधन और उन कार्यक्रमों और सार्वजनिक सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए बेहतर और चुस्त तरीके पता लगाने के लिए उन कार्यों के साथ जिन पर लोग निर्भर करते हैं, ओंटेरियो 2017-18 तक घाटे को समाप्त करने के लिए वचनबद्ध है।

2015 ओंटेरियो बजट उन प्राथमिकता वाले निवेशों के माध्यम से ओंटेरियो का निर्माण कर रहा है जो सभी ओंटेरियो निवासियों के लिए रोजगार सृजित करते हैं, अवसरों का विस्तार करते हैं तथा समृद्धि संरक्षित करते हैं।

बुनियादी ढांचा :
ऑंटेरियो के इतिहास में सबसे बड़ा निवेश

ऑंटेरियो 10 वर्षों में सार्वजनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं में $130 बिलियन से अधिक का अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। सरकार की परिसंपत्ति की इष्टतमीकरण योजना से आशा से अधिक आय होने के कारण, प्रांत मूविंग ऑंटेरियो फॉरवर्ड (Moving Ontario Forward) के लिए समर्पित वित्तपोषण में $2.6 बिलियन की वृद्धि कर रहा है जिससे यह 10 वर्षों में कुल मिलाकर $31.5 बिलियन हो जाएगा।

- लगभग $16 बिलियन ग्रेटर टोरंटो एवं हैमिल्टन क्षेत्र [में पारगमन परियोजनाओं में; तथा
- GTHA के बाहर परिवहन एवं अन्य प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए लगभग $15 बिलियन।

2015-16 में ऑंटेरियो सड़क, पुल, सार्वजनिक पारगमन, जल प्रणाली, अस्पताल एवं स्कूल जैसी उन बुनियादी ढांचागत सुविधाओं पर $11.9 बिलियन के निवेश की योजना बना रहा है जिनसे रोजगार सृजन होगा तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार अपनी परिसंपत्तियों के मूल्य को मुक्त करने की योजना तथा इससे होने वाली शुद्ध आय को ट्रिलियम ट्रस्ट (Trillium Trust) के माध्यम से ऑंटेरियो की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक पारगमन, परिवहन एवं अन्य प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं में फिर से निवेश करने की योजना के साथ आगे बढ़ रही है। इस योजना में शामिल हैं :

- Hydro One स्वामित्त्व का वृहदीकरण करना ताकि टिकाऊ सार्वजनिक लाभ तथा जारी सार्वजनिक एवं करदाता संरक्षणों को तैयार किया जा सके।
- बिक्री के लिए मुख्य स्थान पर स्थित रियल इस्टेट परिसंपत्तियों की समीक्षा करना।

रोजगार सृजन के लिए व्यवसाय के साथ साझेदारी करना

उच्च वेतन देने वाले रोजगारों को पैदा करना तथा ओंटेरियो के व्यवसाय की सफलता एवं उसके विकास में मदद करने के लिए, प्रांत -

- रोजगार एवं समृद्धि कोष (Jobs and Prosperity Fund) में अतिरिक्त $200 मिलियन का निवेश कर रहा है ताकि अधिक व्यावसायिक निवेश को आकर्षित किया जा सके जिससे अभिनवता एवं रोजगार सृजन में तेजी आएगी, और इस तरह वानिकी क्षेत्र के लिए पात्रता का विस्तार करते हुए 10 वर्षों में यह कुल $2.7 बिलियन हो जाएगा।
- एक ऐसी नई अभिनवता पहल में सहभागिता कर रहा है जो हमारे उन वरिष्ठ व्यावसायिक लीडरों के अनुभवी समूह को बुलाएगी जो अपनी पूंजी, ज्ञान और नैटवर्क को लेकर आएंगे जिससे ओंटेरियो की शुरूआती योजनाओं को तेजी आ सके।
- मार्च 2016 से भी आगे जारी रखते हुए पात्र विशाल उत्तरी औद्योगिकीय सुविधाओं के लिए विद्युत कीमत निर्धारण में सहयोग कर रहा है जो रोजगारों का रखरखाव करता है तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा करता है।
- क्षेत्रीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर क्यूबैक के साथ काम कर रहा है।

उच्च दक्षताप्राप्त कार्यबल विकसित करना

प्रांत कल की मजबूत अर्थव्यवस्था तैयार करने के लिए निम्न प्रकार आज लोगों में निवेश कर रहा है और उचित कौशल एवं उचित रोजगार पाने के लिए ओंटेरियो निवासियों के लिए आवश्यक सहारा प्रदान कर रहा है :

- प्रीस्कूल से लेकर पूर्णदिवसीय किंडरगार्टन तक होते हुए पोस्ट सेकेंडरी शिक्षा तथा वाणिज्य एवं अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों तक व्यावहारित शिक्षण पायलट कार्यक्रम जैसे अभिनवों के साथ शिक्षा तथा दक्षता कौशल में सुधार जारी रखना।
- अगले दो वर्षों में ओंटेरियो यूथ जॉब्स स्ट्रेटेजी (Ontario Youth Jobs Strategy) में अतिरिक्त $250 मिलियन का निवेश करना जिससे युवा रोजगार कार्यक्रम में कुल निवेश $565 मिलियन से अधिक हो जाएगा।
- छात्रों के लिए वित्तीय सहायता कार्यक्रम को सशक्त बनाने के लिए ओंटेरियो स्टूडेंट असिस्टेंस प्रोग्राम (Ontario Student Assistance Program) का आधुनिकीकरण करना।

एक निष्पक्ष समाज :

ओंटेरियो में निवास करना और कार्य करना

चूंकि एक समृद्ध समाज के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक सुनिश्चित तरीका यह सुनिश्चित करना है कि ओंटेरियो निवासियों के पास ऐसे समर्थन और अवसर मौजूद हों जिनकी उनको अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए जरूरत है, प्रांत :

- वयस्क ओंटेरियो वर्क्स (Ontario Works) प्राप्तकर्ताओं तथा उन विकलांग लोगों के लिए जो ओंटेरियो विकलांगता समर्थन कार्यक्रम (Ontario Disability Support Program) लाभ प्राप्त कर रहे हैं, ओंटेरियो सामाजिक सहायता दरों में एक प्रतिशत की और वृद्धि कर रहा है। निम्नतम आय वाले बिना बच्चों वाले ओंटेरियो वर्क्स (Ontario Works) एकल वयस्कों एक अतिरिक्त टॉप अप प्राप्त करेंगे।
- युवा कार्य योजना (Youth Action Plan) के अगले चरण का कार्यान्वयन कर रहा है - एक सालाना निवेश जिसकी शुरूआत 2015-16 में $14 मिलियन से हो रही है और जो बढ़कर 2016-17 में लगभग $21 मिलियन हो जाएगा - जिसका लक्ष्य है खतरों का सामना कर रहे युवाओं के परिणामों में सुधार करना।
- *यह कभी ठीक नहीं है - यौन हिंसा एवं उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एक कार्ययोजना (It's Never Okay: An Action Plan to Stop Sexual Violence and Harassment)* के माध्यम से यौन हिंसा एवं उत्पीड़न की रोकथाम कर रहा है तथा उत्तरजीवियों की सहायता में सुधार कर रहा है।
- प्रति वर्ष औसतन 5 प्रतिशत की दर से निवेश को बढ़ाकर या अगले तीन वर्षों में $750 मिलियन से अधिक का निवेश करके गृह और सामुदायिक परिचर्या सेवाओं में सुधार कर रहा है।
- कार्यस्थल की पैंशन योजना को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ रहा है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि कामकाजी ओंटेरियो निवासियों के पास एक सुरक्षित सेवानिवृत्ति भविष्य हो, 2017 में ओंटेरियो सेवानिवृत्ति पैंशन योजना (Ontario Retirement Pension Plan) की शुरूआत कर रहा है।

जिम्मेदारी के साथ प्रबंधन करना

ओंटेरियो ऐसे निवेश करना जारी रखते हुए जो रोजगार सृजन करते हैं, अवसरों में विस्तार करते हैं तथा सभी ओंटेरियो निवासियों के लिए समृद्धि को संरक्षित करते हैं, खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य को प्राप्त करने के लिए वचनबद्ध है। सरकार ऐसा निम्नलिखित के द्वारा कर रही है :

- यह जांच करके कि सरकार के प्रत्येक डॉलर को कैसे खर्च किया जाता है।
- बेहतर विकल्पों के लिए तथा परिणामों में सुधार करने के लिए साक्ष्य का इस्तेमाल करके।
- सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम तरीके का पता लगाने के लिए सरकार के पार देखकर।
- कार्यक्रम बचतों हेतु अवसरों का पता लगाने के लिए एक बहुवर्षीय दृष्टिकोण अपनाकर।
- सुनिश्चित करना कि सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त की गई मामूली वेतन वृद्धि बचतों द्वारा प्रभावहीन हो जाएँ।

2015 ओंटेरियो बजट

इसके बारे में अधिक
ONTARIO.CA/BUDGET पर जानें

टोल फ्री : 1-800-337-7222

TTY टोल फ्री : 1-800-263-7776

© Queen’s Printer for Ontario, 2015